तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 जिले के अंतिम छोर पर नल-जल योजना दम तोड़ रही

12 वाल्मिकी समाज ने निकाली गुरू गोरखनाथ की फेरी यात्रा











## खबर संक्षेप


### जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य आज भखारा में

**धमतरी।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य 3 अगस्त को भखारा आएंगे। सुबह 9 बजे से कृषि उपज मंडी भखारा में प्रवचन, दर्शन, समस्या मार्गदर्शन एवं दीक्षा समारोह रखा गया है। समस्या मार्गदर्शन पर्ची 3 अगस्त को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक दी जाएगी। यह आयोजन स्व-स्वरूप संप्रदाय छत्तीसगढ़ द्वारा किया जा रहा है।



### सिलतरा में तुलसीदास जयंती आज

**अंवरी।** मानस शक्ति केंद्र भखारा के तत्वावधान में ग्राम सिलतरा में तुलसी जयंती आज 3 अगस्त रविवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मानस शक्ति केंद्र भखारा अंतर्गत आने वाली समस्त मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष प्रतिभा साहू ने दी।



### सांकरा में तुलसीदास जयंती आज

**मगरलोड।** गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर ग्राम सांकरा में 3 अगस्त रविवार को श्री राघवेंद्र सरकार गुणगान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र की ख्याति प्राप्त मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, जिला पंचायत सभापति मीना साहू, जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, जनपद सदस्य डुगेश्वरी साहू होंगे।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 अगस्त बुधवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन धमतरी में रखी गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेन्द्र नाग, सचिव मोतीलाल हिरवानी ने पेंशनर सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

बड़े भाई को धमकाने से आक्रोशित छोटे भाई ने दिया घटना को अंजाम, आरोपी गिरफ्तार

# पत्थर से सिर को कुचलकर कर दी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बड़े भाई को धमकाने से आक्रोशित छोटे भाई ने एक युवक की पत्थर से सिर को कुचलकर हत्या कर दी। कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी हिरेंद्र साहू पिता श्यामलाल उम्र 24 वर्ष दस चक्का ट्रक चलाने का काम करता था। हमाली का काम भी कर लेता था। कुछ दिनों से युवक ट्रक चलाने नहीं जा रहा था। हमाली का काम कर रहा था।

शुक्रवार को युवक सीमेंट खाली करने गया था। शाम को वापस लौट आया। रात में होटल से खाना लाकर अपने पिता के साथ भोजन किया। खाना खाने के बाद युवक टहलने के लिए निकल गया। रात्रि 12.30 बजे बठेना वार्ड में नहर मार्ग पर स्थित एकता अस्पताल के पास युवक की खून से लथपथ लाश पाई गई। युवक के सिर को पत्थर से कुचलकर बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। युवक की पहचान हिरेंद्र साहू के रूप में की गई है।

घटना की जानकारी होते ही एसपी के निर्देश में त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गई। पंचनामा के बाद शव को वरदान एंबुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान द्वारा जिला अस्पताल के मर्च्यूरी पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जांच में जुटी पुलिस ने पतासाजी कर यशवंत ध्रुव पिता लीलाधर ध्रुव 25 वर्ष शीतलापारा मंदिर बठेना वार्ड निवासी को कुछ ही घंटों में हिरासत में ले लिया।



### सिर पर किया पत्थर से ताबड़तोड़ वार

पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी यशवंत ध्रुव ने बताया कि मृतक ने उसके भाई शिवा ध्रुव को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसे आक्रोशित होकर उसने पास में पड़े पत्थर से हिरेंद्र के सिर पर ताबड़तोड़ वार किया। इससे हिरेंद्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने धारा 103/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी यशवंत ध्रुव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



### आदतन अपराधी है आरोपी

मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी यशवंत अपराधी प्रवृत्ति का है। मोहल्ले में किसी न किसी से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। एक व्यक्ति से मारपीट कर दो बार उसका पैर तोड़ चुका है। चाकू लेकर घूमता रहता है। आरोपी के खिलाफ थाना में कई अपराध दर्ज है। जेल भी जा चुका है। मोहल्ले में दशहत फैलाकर रखा है।

### बेघर था मृतक युवक

मृतक हिरेंद्र साहू मूल रूप से ग्राम आलेखुंटा थाना मगरलोड का रहने वाला था। उसका परिवार काम के सिलसिले में धमतरी आकर बठेना वार्ड में किराये के मकान में रहता था। बड़ा भाई यशवंत साहू शादी के बाद अपने परिवार के साथ भानुप्रतापपुर चला गया। उसकी मां मिलंतीनबाई साहू के निधन के बाद पिता शंकर व हिरेंद्र रह गए। कुछ दिनों बाद किराये का मकान भी छूट गया था। हिरेंद्र ट्रक लेकर जाता तो दो तीन दिन बाद घर वापस लौटता था। तक तक पिता किसी दुकान की छाया में रहता था। युवक के वापस आने पर पिता के साथ दुकानों के नीचे रात बिताता था। वहीं होटल से भोजन लाकर पिता पुत्र पेट चलाते थे।

## गौवंश की तस्करी करते सात आरोपी गिरफ्तार

- भखारा पुलिस की त्वरित कार्यवाही से 29 मवेशी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा पुलिस ने गौवंश की तस्करी करते सात आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 29 मवेशी छुड़ाए गए।

2 अगस्त को थाना भखारा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कोलियारी मोड़ के पास कुछ लोग गौवंशों को मारते-पीटते क्रूरतापूर्वक पैदल तस्करी करते हुए ले जा रहे हैं। सूचना की तस्दीक करते हुए भखारा पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सात आरोपियों को गौवंश तस्करी करते रंगेहाथ पकड़ा। पुलिस ने मौके से 29 नग गौवंश (जिसमें 24 गाय ,बछिया तथा 5 बछवा शामिल हैं) को जब्त कर वेटनरी अस्पताल भखारा में सुरक्षित रखवाया। छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 04, 06, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(घ) के तहत मामला दर्ज कर सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में बीरसिंह साहू पिता धन्नूलाल उम्र 34 वर्ष, सुखचैन निर्मलकर पिता शिवनारायण उम्र 40 वर्ष, नारायण सोनकर पिता परदेशीराम उम्र 60 वर्ष, उकेश कुमार साहू पिता दुजराम उम्र 42 वर्ष, दुष्यंत विश्वकर्मा पिता इन्द्रकुमार उम्र 22 वर्ष, नन्दकुमार साहू पिता भोकलूराम उम्र 53 वर्ष, सुरेश ठाकुर पिता धुकेल उम्र 55 वर्ष सभी आरोपी ग्राम कौही थाना रानीतराई जिला दुर्ग छग शामिल हैं। जप्त गौवंश की अनुमानित कीमत गाय बछिया 24 नग 1,20,000 रूपये, बछवा 5 नग 20,000 रूपये कुल अनुमानित कीमत 1,40,000 रूपये है।





## सड़क हादसे में तीन घायल, उपचार जारी

- रूद्री रोड में राधास्वामी सत्संग भवन के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड में दो बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में एक पत्रकार व दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। महापौर ने तत्परता दिखाते हुए घायल पत्रकार को उपचार के लिए हायर सेन्टर भेजने की व्यवस्था की।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम गंगरेल निवासी लोकेश साहू एक दैनिक समाचार पत्र में पत्रकारिता करता है। शुक्रवार की रात्रि लोकेश काम निपटाकर बाइक से रूद्री रोड होते हुए अपने घर गंगरेल जा रहा था। इसी दौरान राधास्वामी सत्संग भवन के पास रूद्री की ओर से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इस घटना में पत्रकार लोकेश का पैर फ्रेक्चर हो गया वहीं उसके सिर में भी गंभीर चोट आई है। दूसरी बाइक में सवार दोनों युवक भी घायल हो गए। घायल दोनों युवक का नाम विशेष शर्मा उम्र 20 वर्ष बांसपारा निवासी व डीपेन्द्र उम्र 22 वर्ष रूद्री निवासी बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर रूद्री पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तीनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पतला पहुंचाया गया। गंभीर चोट को देखते हुए घायल पत्रकार को रायपुर रिफर किया गया। वहीं घटना में घायल युवकों को मसीही अस्पताल में भर्ती किया गया है।



### बेहतर इलाज के लिए महापौर ने लगाया दम

सड़क दुर्घटना में पत्रकार के घायल होने की सूचना मिलते ही रात्रि में निगम के महापौर रामू रोहरा, महेन्द्र खण्डेलवाल, पत्रकार साथी सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में मसीही अस्पताल पहुंच गए। घायल पत्रकार की गंभीर हालत को देखते हुए महापौर ने तुरंत रायपुर बात कर उसे डीके अस्पताल रेफर कराया। वहां उपचार की समुचित व्यवस्था कराई। वहीं घायल पत्रकार लोकेश के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता की। शनिवार को घायल पत्रकार को बालाजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया। महापौर ने घटना में घायल दोनों युवकों को भी उपचार के लिए रायपुर जाने की सलाह दी। रायपुर पहुंचकर महापौर ने लोकेश के बेहतर इलाज के लिए डाक्टर से बातचीत की। वहीं घटना की जानकारी होने पर खूबलाल ध्रुव ने डीके अस्पताल में भर्ती पत्रकार लोकेश से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



रैली में महापौर, कलेक्टर, एसपी, डीएफओ, जनपद अध्यक्ष समेत अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी हुए शामिल

# नशे के खिलाफ जागरूकता लाने रुद्री से गंगरेल तक निकली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार की प्रातः 7 बजे पुलिस लाइन रुद्री चौक से लेकर गंगरेल तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य जिले में नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

महापौर रामू रोहरा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी साइकिल चलाकर रैली में सक्रिय भागीदारी निभाई। महापौर श्री रोहरा ने साइकिल चलाते हुए युवाओं को संदेश दिया कि स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हमारा युवा वर्ग नशे से दूर रहे। साइकिल चलाना न केवल एक स्वास्थ्यवर्धक गतिविधि है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। इस रैली में वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव , जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, श्रीमती अनीता यादव जनपद सदस्य, उमेश साहू, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन, विद्यार्थी तथा नशा मुक्ति का संदेश लेकर अब तक 5200 किमी साइकिल यात्रा कर चुके तुलसीराम भी शामिल हुए। गंगरेल रेस्ट हाउस परिसर में रैली का समापन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने युवाओं से अपील की कि वे क्षणिक आनंद के लिए अपने भविष्य से समझौता न करें। देश की तरक्की में युवाओं की सकारात्मक भूमिका बेहद अहम है। युवा नशे से दूर रहकर समाज में रचनात्मक भूमिका निभाएं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल, संगीत, कला जैसे सकारात्मक कार्यों को अपनाएं ताकि जीवन में ऊर्जा और उद्देश्य बना रहे।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने कहा कि इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य तभी साकार होगा जब प्रत्येक प्रतिभागी स्वयं नशे से दूर रहेगा और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएगा। तुलसीराम ने भी अपने साइकिल यात्रा के अनुभव साझा किए। इस दौरान नेहरू निषाद ने सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में एनसीसी, स्काउट, स्कूल व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अतिथियों को उप संचालक समाज कल्याण डॉ, मनीषा पांडे ने पौधे भेंट किए। आभार प्रदर्शन एसडीएम पीयूष तिवारी ने किया।





**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**




## रेडक्रॉस ने निकाली जागरुकता रैली

**दुर्गूकोंदल।** शाउमावि मेंडो के जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा गांव में रैली निकालकर गांव को मलेरिया मुक्त करने के लिए तथा गांव के लोगों को बारिश से बचाव के लिए जागरूकता निकाली गई। रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन तथा नारा का वाचन कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। संपूर्ण रैली का एक ही मुख्य उद्देश्य था कि गांव को मलेरिया मुक्त कैसे बनाया जाए।

## फांसी लगाने से युवकी मौत कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत कसावाही निवासी 38 वर्षीय अमित मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। चारामा निवासी 40 वर्षीय कृष्णा नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 1 अगस्त को अग्राम दमकसा में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### उड़ीसा, बस्तर सहित अंचल के हजारों शिव भक्तों ने भगवान कर्णेश्वर का किया जलाभिषेक

# कर्णेश्वर धाम में उमड़ा कांवरियों का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कर्णेश्वर धाम में शुक्रवार को कांवरियों की भारी भीड़ रही। उड़ीसा, बस्तर सहित अंचल के हजारों शिव भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान कर्णेश्वर महादेव का बोल बम का जयघोष करते हुए पूजा-अर्चना व जलाभिषेक किया। मन्दिर परिसर सहित सिहावा के आसपास हजारों कांवरियों का हुजूम वातावरण को भक्तिमय बना रहा था। पूजन सामग्री दुकानों में कांवरियों ने जमकर खरीदारी की। प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। कांवरियों का आना सुबह से ही प्रारंभ हो गया था। कर्णेश्वर धाम, शीतला मन्दिर, गणेश घाट सहित आसपास के सभी सामुदायिक भवनों में कांवरियों का पड़ाव था।

शुक्रवार को मौसम साफ होने से सैकड़ों कांवरियों ने खुले आसमान के नीचे भोजन प्रसादी बनाकर अपना समय बिताया। शनिवार को अलसुबह कांवरिये महानदी व बालका नदी के संगम स्थल व महानदी के उदगम स्थल से जल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। खीर पूड़ी का प्रसादी वितरण हुआ। बोल बम समिति ने हजारों कांवरियों के लिये भोजन प्रसादी की व्यवस्था की। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम में इस बार कांवरियों की भारी भीड़ को देखते व्यापक तैयारी की गई है। पेयजल सहित कांवरियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू ,ट्रस्ट उपाध्यक्ष रवि दबे, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, सहसचिव रामभरोसा साहू, मोहन पुजारी, कलमसिंह पवार, नागेन्द्र शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, महेंद्र कौशल, उत्तम साहू, अकबर कश्यप, टेश्वर ध्रुव, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, कुलेश साहू, ईश्वर जांगड़े,कौशल साहू की उपस्थिति रही।

### हिरेश के भजन पर झूमे भक्तगण





कर्णेश्वर ट्रस्ट ने इस बार भजन गायक हिरेश सिन्हा व उसकी पत्नी गायिका जितेश्वरी सिन्हा को आमंत्रित किया था, जिनके गाये भजन से वातावरण शिवमय हो गया। उन्होंने अपने भजन व मधुर वाणी से बोल बम का अर्थ और सनातन धर्म की रक्षा के लिये श्रद्धालुओं को जागरूक किया।

### विधायक निधि से बनेगा विशाल शेड

भगवान कर्णेश्वर धाम में दर्शन लाभ लेने पहुंची सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने ट्रस्ट की मांग पर कांवरियों के ठहरने के लिये विशाल शेड निर्माण हेतु 40 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कर्णेश्वर धाम का विकास उनकी प्राथमिकता में है। पेयजल ,प्रवेश द्वार, शेड आदि निर्माण पूरे किए जाएंगे।

# नपं को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के लिए मिले 2.55 करोड़



- राशि स्वीकृति पर लोगों ने जताई खुशी, विधायक का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर निकाय क्षेत्र भखारा भठेली में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पंचायत को राज्य सरकार से 2 करोड़ 55 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह राशि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के लिए मंजूर की गई है। इस स्वीकृति के लिए अजय चंद्राकर के सतत प्रयासों और जनहितैषी पहल को अहम माना जा रहा है।

नपं अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना नपं क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी और नागरिकों के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध होगी। नगर पंचायत को महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने विश्वास जताया कि यह एसटीपी प्लांट नपं को एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण परदेसीराम कंवर, भूपेंद्र यादव, भानुप्रताप गायकवाड, छबिलाल निर्मलकर, अविनाश गौर बिट्टू, चांदनी साहू, झम्मन साहू , मेघनाथ साहू, अंजु साहू, खेमलता, जितेंद्र साहू, हितेंद्र साहू, डुमेन्द्र गंगबेल, भूपेश्वरी, चक्र सुदर्शन चंदेल सहित भखारा भठेली के नागरिकगणों ने हर्ष जताया है।

# सुखराम नागे महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की बैठक डा. मनदीप खालसा प्राचार्य की अध्यक्षता एवं प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता और कर्मचारियों की उपस्थिति में हुई। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक मोहित कुमार सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी द्वारा पावरपाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से नैक मूल्यांकन के सात क्राइटेरिया, आईक्यूएसी के कार्यों और महत्वपूर्ण एजेंडा पर चर्चा की। दीक्षारंभ, एनईपी 2020, एक्यूएआर 2024-25 की तैयारी के संबंध में महाविद्यालय में सेमिनार और वर्कशाप का आयोजन, एकेडमिक कैलेंडर, ई-लर्निंग डिजिटल लाइब्रेरी और नैक मूल्यांकन के द्वितीय चरण, कौशल विकास, बेस्ट प्रैक्टिस का चयन, भूतपूर्व छात्र सम्मेलन आदि आवश्यक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने कालेज के गुणवत्ता उन्नयन एवं विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं पर जोर दिया। नैक मूल्यांकन के द्वितीय चरण में अच्छे ग्रेड लाने के लिए सभी प्राध्यापकगण और और कर्मचारियों को मेहनत करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में डा. रमेश देवांगन, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.आर आर मेहरा, प्रो. कौशल नायक, डा. दीपा देवांगन, डा. कविता नारंग, प्रो.लोकेश्वरी राठीया, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, प्रो.लालमन बेरवंश सहित अतिथि प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों ने कागज की नाव बनाकर पानी में चलाई



- जे. अचीवर्स पब्लिक स्कूल में रेनी डे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर में संचालित जे. अचीवर्स पब्लिक स्कूल कुरूद में नन्हे मुन्हे छात्र-छात्राओं को बारिश के मौसम और उसके प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी प्रदान करने के दृष्टिकोण से रेनी डे का आयोजन किया गया। सभी छात्रों ने रंग बिरंगे रेनकोट में अपनी प्रस्तुति दी। कागज की नाव बनाकर पानी में चलाया गया। संस्था प्रमुख मनोज चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में वर्षा ऋतु और उस समय क्या करना चाहिए, क्या नहीं, इन सब बातों से अवगत कराया। शिक्षकों व बच्चों ने भी वर्षा के मौसम के बारे में अपनी बातें रखीं। बच्चों ने रेनकोट और छतरी की सुरक्षा में रहते हुए रेन डांस का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में प्रधानपाठक दिव्य चंद्राकर, सावित्री सोनी, लोकेश्वरी सिन्हा, माधुरी ध्रुव, ईशा पवार, मंजु साहू आदि शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डाइट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष पूर्ण होने पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में प्राचार्य प्रकाशराय के निर्देशानुसार एवं जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष की पूर्णता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला अलग-अलग बिंदुओं पर चली। प्रथम दिवस शिक्षा में मातृभाषा की भूमिका पर व्याख्यान हुआ। द्वितीय दिवस 21वीं सदी की कौशल आधारित शिक्षा एवं तृतीय दिवस राष्ट्रीय शिक्षा नीति से कक्षा तक चुनौतियां और संभावनाएं एनईपी 2020 में शिक्षक की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में डाइट नगरी के द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक शामिल हुए। सभी छात्राध्यापक अपने विचार रखे। तीनों विषय पर शोध पत्र, केस स्टडी एवं पोस्टर तैयार किया गया। कार्यशाला में डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय ने नई शिक्षा नीति में बहुभाषा पर, 21वीं सदी के कौशल एवं शिक्षक की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। सहायक प्राध्यापक डीके साहू ने भी तीनों विषयों पर अपने विचार रखे। जोहन नेताम ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को नरेंद्र देवांगन ने भी संबोधित किया।

मौके पर एके सार्वा, ईश्वरी ध्रुव, वेदप्रकाश साहू, खिरभन कश्यप, चिंता कश्यप, उमेश्वरी ध्रुव, गिरश सोम समेत अन्य शामिल रहे।

# हिंदी साहित्य के दो महान विभूतियों को किया नमन

- शाउमावि पचपेड़ी में गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



हिंदी साहित्य के दो महान विभूतियों गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर शाउमावि पचपेड़ी के सभागार में प्राचार्य रवींद्र कोसरे के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय स्वयं योजना के कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश सिन्हा के मार्गदर्शन में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। छात्रा लक्ष्मी, मोनिका, दीक्षा, वर्षा ने दोनों महान विभूतियों के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किया। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पलता ठाकुर, मीना सिन्हा, चंद्रहास साहू, हरिश्चंद्र पटेल सभी ने दोनों महापुरुषों के जीवन से जुड़ी हुई विभिन्न पहलुओं और उनके जीवन के संघर्षों के बारे में जानकारी दी। छात्रों को उनके आचरण का अनुकरण कर अपने जीवन को धन्य बनाने की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश सिन्हा ने कहा कि श्रीराम चरित मानस की रचना के लिए हिंदी साहित्य जगत संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास का सदैव ऋणी रहेगा। आधुनिक युग के हिंदी साहित्य में पंच परमेश्वर, पूस की रात, नमक का दरोगा, गोदान, गबन जैसी कालजयी रचनाओं के लिए कलम के सिपाही, कहानी सम्राट एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य में सदैव स्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन लीनिमा वैष्णव ने किया।

## प्रत्येक व्यक्ति पौधरोपण जरूर करें : गौकरण

**सिर्री।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कठौली एक अगस्त को पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, विशेष अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष नीलमणि निषाद, सदस्य सागर साहू, जनपद सदस्य दिलीप चक्रधारी थे। जिपं उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। पारिस्थितिक तंत्र, वातावरण को संतुलित बनाए रखने में पेड़ पौधों का विशेष योगदान है। सागर साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति 1 पौधा लगाने का संकल्प लें। मौके पर प्राचार्य नरेन्द्र वर्मा एवं शिक्षकगण टीसी साहू, एनके धीवर, लक्ष्मीनाथ जोशी, बीके देव, जितेंद्र सुधाकर, शाला के छात्र उपस्थित थे।

# मेघू भखारा व सुनील भठेली सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त

- ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजू ने प्रभारी को सौंपी मंडल व सेक्टर की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने प्रभारी मोहम्मद सिद्दीकी को ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के सभी मंडल व सेक्टर की कार्यकारिणी की सूची सौंपी। भखारा सेक्टर अध्यक्ष मेघनाथ साहू व भठेली सेक्टर अध्यक्ष सुनील साहू बनाए गए।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि उदयपुर संकल्प शिविर में 2025 को संगठन के लिए समर्पित वर्ष कहा गया है। संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा भी बूथ स्तर तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

इस पूरे अभियान में क्षेत्र के स्थानीय नेता लेखराम साहू, तारिणी चंद्राकर, भरत नहर, नीलम चंद्राकर, शारदा साहू, गोविंद साहू, विनोद साहू , प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू, महेंद्र साहू, बिट्टू गौर, मंडल अध्यक्षगण राजा बंजारे, गैंदलाल साहू, चमन साहू, रामचंद्र, संतोषी निषाद सेक्टर अध्यक्षगण मेघू साहू, सुनील साहू, हेमलाल पटेल, गौतम देवांगन, टिकेश्वर सिन्हा, शत्रुघन साहू, विवेक साहू, सूर्यकांत साहू, अशोक साहू, देवकुमार टंडन, घनश्याम साहू, चूरामन साहू, दिलीप साहू, दयालाल साहू एवं क्षेत्र के कार्यकर्तागण बिसौहाराम, गोपीकिशन, मानक साहू, सोहन साहू, विनय साहू, पन्नू सिन्हा, शोभाराम यादव, सोमनाथ साहू, भानुप्रताप गायकवाड़, मोतीलाल सिन्हा, अनिल निर्मालकर, वीरेंद्र साहू, एनसिह, किसून, दशरथ साहू, विजय साहू, नंदकुमार साहू, रूपचंद साहू, अमित साहू, पुखराज साहू, सौरभ पाल, संतराम साहू, सुलोचिनी साहू का विशेष सहयोग रहा।

### मगरलोड स्कूल में तुलसीदास, मुंशी प्रेमचंद, मो. रफी के व्यक्तित्व को किया याद

# कवि गोस्वामी तुलसीदास ने समाज को नई दिशा दी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





उच्चत्तर माध्यमिक शाला मगरलोड में रामचरित मानस जैसे महाकाव्य की रचना कर भारतीय समाज को एक नई दिशा देने वाले संत कवि तुलसीदास की जयंती मनाई गई। तुलसी जयंती के दिन कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की भी जयंती और भारत के महान गायक मो. रफी साहब की पुण्यतिथि थी। तीनों महान विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए समारोह का आयोजन शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं अंग्रेजी माध्यम उच्च प्राथमिक शाला में संयुक्त रूप से किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। छात्रा क्षमता, प्रियंका, धारणी, भाग्यलक्ष्मी, एनु, मोना, देविका, रेश्मा, नुविता ने रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ किया गया। छात्रा केनिशा साहू एवं भामती सिन्हा ने मुंशी प्रेमचन्द की सुप्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर का वाचन किया। उच्च प्राथमिक विभाग से आदित्य, जयंत, वोमेन्द्र, काव्य, चानक, गौरी, कोकिला एवं हिमांशी साहू ने कविताओं एवं मानस के दोहे एवं चौपाइयों के माध्यम से तुलसीदास की जीवनी पर प्रकाश डाला। शालानायक चन्द्रप्रकाश एवं शाला नायक एनु एवं तेजश्वी साहू, तरुण साहू, सिद्धिका साहू, वन्दना सोनी एवं मीनाक्षी ध्रुव ने प्रेमचन्द एवं उनकी रचना पर विचार व्यक्त किये। रिया कुर्रे, भूमिका निर्मलकर, मोना साहू ने सन्ततुलसी दास की जीवनी और उनकी रचनाओं पर प्रकाश डाला।

व्याख्याता एलके गुप्ता ने मोहम्मद रफी साहब के गायन एवं भारतीय सिनेमा में उनके योगदान व व्याख्याता श्रीमती मनीषा नवरंग ने हिंदी साहित्य में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के योगदान पर चर्चा की। प्रधानपाठक वीरेन्द्र सरल, व्याख्यता रामेश्वर साहू एवं एमके सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के प्राचार्य एआर साहू ने रामचरित मानस के महत्व को एक सत्य घटना का उल्लेख करते हुए समझाया। कार्यक्रम का संचालन व्यख्याता हेमन्त कुमार रजक एवं रुपाली साहू कक्षा दसवीं ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता एलएन साहू, श्रीमती विद्या निषाद, विकास कंवर, शिक्षक प्रवेश सिंह ठाकुर, अर्चना सोनवर्षा, गीतांजलि साहू, दुर्गा ध्रुव, मेषराम सेन तथा चन्द्रिका ठाकुर, यमुना साहू, यादराम कंवर, मुकेश पटेल भृत्य की सहभागिता रही।

# सिलौटी स्कूल में तुलसी दास व मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

- विद्यार्थियों ने मानसगान की प्रस्तुति दी



शाउमावि सिलौटी में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास व मुंशी प्रेमचंद की जयंती श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई गई। विद्यार्थियों ने तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस मानस के अंशों की कक्षावार प्रस्तुतियां दी। प्रत्येक मंडली को संस्था के द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

प्राचार्य बी पदमा राजेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि तुलसीदास ने भारतीय समाज को आध्यात्मिक दिशा प्रदान की और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक साहित्य और तुलसीदास के योगदान से परिचित कराना है। व्याख्याता संतोष ध्रुव ने कहा कि कहानीकार, उपन्यास सम्राट, मुंशी प्रेमचंद की कहानियों ने समाज और जीवन के हर पक्ष को प्रभावित किया। जनसाधारण की समस्याओं, भावनाओं, परिस्थितियों का मार्मिक चित्रण किया। प्रेमचंद और उनकी कहानियां आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम में एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, सीपी साहू, एचआर साहू, वायके सेन, एनआर साहू, आर. पोर्ते, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, भोजराम साहू व छात्रों का योगदान रहा।

## अंचल की खबरें

### छाती के कांवरिये जल लाने झलमला रवाना



**पुरी।** हर- हर महादेव बोल बम समिति के कांवरिये विगत लगभग 25 वर्षों से निरंतर आसपास जिले के जितने भी शंभूनाथ हैं, वहां से जल लाकर ग्राम छाती के बुढ़ेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर अर्पित करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में 1 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 10 बजे झलमला बालोद जिले के लिए लगभग 40 कांवरिये रवाना हुए। शनिवार को सियादाई माता के दर्शन करते हुए भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जल लेकर सोमवार को ग्राम छाती लौटेंगे। सुबह 9 बजे मंदिर बाजार चौक छाती स्थित शिवलिंग पर जल अभिषेक करेंगे। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी।

### रिसगांव क्षेत्र से पहुंचे कांवरियों का हुआ स्वागत



**नगरी।** ग्राम उमरगांव में रिसगांव क्षेत्र के 300 कांवरिये पहुंचे। ग्रामवासियों एवं युवाओं द्वारा उनके भव्य स्वागत एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। बता दें कि कांवरिये हर वर्ष सिहावा कर्णेश्वर महादेव से महानदी से जल लेकर पैदल अपने ग्राम के महादेव में जल अर्पित करते हैं। मौके पर रामप्रसाद साहू, चन्द्रभान यादव, महेश पुजारी पंच, फलेंद्र साहू उपसरपंच, मेघराज ध्रुव, रोमेश साहू, छगन साहू, धनंजय साहू, नारायण दास, मानिक साहू, नरेश सिन्हा, संत कामडे, भावेश साहू, कमलेश कश्यप, लेखराम साहू उपस्थित थे।

### सेमरा समिति के प्रबंधक को दी विदाई



**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सेमरा शाखा भखारा के समिति प्रबंधक हुकुमलाल सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम गुरुवार को समिति कार्यालय में किया गया था। इस दौरान समिति के किसान, जनप्रतिनिधिगण, शाखा मैनेजर, समिति प्रबंधक अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। श्री सिन्हा के कार्य व्यवहार, शालीनता को सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारियों ने सराहा एवं उसके दीर्घायु एवं स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, प्रदेश के संगठन सलाहकार बलदेवराम साहू भी उपस्थित थे। जिला संघ की ओर से श्री सिन्हा को भगवान गणेश का छायाचित्र भेंट किया गया। इसी कड़ी में समिति मोहंदी शाखा मगरलोड के जगदीशेश्वर नाथ समिति प्रबंधक को भी 62 वर्ष पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। यह जानकारी नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने दी।

### विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने में कर्मचारी भी दे रहे योगदान



**मगरलोड।** समाज में जब भी कोई अभियान चलाया जाता है तो आम लोग स्वमेव जुड़ते जाते हैं। सेजेस सिंगपुर इसका उत्तम उदाहरण बनता जा रहा है। विद्यालय एवं बच्चों के विकास हेतु जो भी योजनाएं बन रही हैं उसमें आम व्यक्ति भागीदार बन रहा है। भले ही उनके बच्चे विद्यालय में न पढ़ रहे हों। इसी बात को चरितार्थ करते हुए अब सिंगपुर एवं सिंगपुर के आसपास रहने वाले शासकीय कर्मचारी भी सेजेस सिंगपुर के अभियान में कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। कर्मचारी स्वयं विद्यालय आकर वाचनालय के लिये पुस्तक, शिक्षण अधिगम सामग्री तो कोई नकद राशि देकर शिक्षक तथा बच्चों के मनोबल को बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में पुनेश महिलांग पशु चिकित्सा विभाग ने विद्यालय पहुंचकर स्कूल परिवार को नकद राशि भेंट की तथा संकल्प लिया कि वे अपने जन्मदिन एवं विवाह की वर्षगांठ पर पुस्तक भेंट करने विद्यालय पुनः आएंगे। ऐसी पहल से शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है। विद्यालय के शिक्षकों ने इस कार्य के लिए पुनेश महिलांग का आभार माना।

### फसल की गिरदावरी के लिए सर्वेयरों को दिया प्रशिक्षण





**कुकरेल(धमतरी)।** मास्टर ट्रेनर योगेंद्र श्रीमाली द्वारा तहसील कुकरेल के सभी सर्वेयरों को खरीफ वर्ष 2025 की फसलों की गिरदावरी के लिए डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। यह ट्रेनिंग आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दी गई जिसमें बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। फील्ड में आने वाली समस्याओं को सर्वेयरों द्वारा बताया गया। उसका उचित समाधान मास्टर ट्रेनर श्रीमाली द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, पटवारी ऋषि कपूर गंगेले, दीपक मरकाम, लक्ष्मी धनेशकर, द्विजराम मरकाम, सुरेश वत्सल, कुशल कुंजाम, प्रशिक्षु पटवारी गौतम तिवारी, विरेंद्र कुमार कुंजाम, विवेकानंद नागवंशी, कोटवार योगीराज देवदास, गुहलेद देवदास उपस्थित थे।

---

ठेन्ही में पानी टंकी का कालम टेढ़ा, सीढ़ियों की रेलिंग हिल रही

# जिले के अंतिम छोर पर नल-जल योजना दम तोड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सरकार की जल जीवन मिशन योजना जिले के अंतिम छोर पर दम तोड़ती नजर आ रही है। विकासखण्ड नगरी अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेन्ही एवं उसके आश्रित ग्राम तुमड़ीबाहर, बासीन, गट्टाभरी, अर्जुनी और दौड़पड़री में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई जा रही पानी टंकियां अधूरी पड़ी हुई हैं। कई स्थानों पर निर्माण कार्य तकनीकी मानकों को ताक पर रखकर किया गया है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है। ग्राम ठेन्ही में स्थापित पानी टंकी का कालम टेढ़ा दिखाई दे रहा है, वहीं सीढ़ियों की रेलिंग हिल रही है और सीढ़ियां सीधे-सीधे बना दी गई हैं, जिससे चढ़ने-उतरने में गंभीर जोखिम बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण एक मजदूर की जान भी जा चुकी है। यह घटना लगभग आठ माह पूर्व घटित हुई थी, जिसके बाद ठेकेदार द्वारा मरम्मत और लीपापोती कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान

ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण अधूरा होने के कारण आज भी उन्हें स्वच्छ पेयजल के लिए दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। तालाब और सौर ऊर्जा आधारित पंपों से किसी तरह जरूरत पूरी की जा रही है। ठेन्ही सहित सभी आश्रित गांवों में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन तो दे दिया गया है, लेकिन आज तक इन कनेक्शनों से एक बूंद पानी नहीं टपका है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और अधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अफसर कभी क्षेत्र में निरीक्षण के लिए नहीं आए। काम करने वाले श्रमिकों को आज भी बिना सुरक्षा उपकरणों के ऊंचाई पर चढ़ाकर कार्य करवाया जा रहा है।

### निर्माण कार्य में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

इस संबंध में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नगरी के अधिकारियों से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि यदि निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाई गई है, तो संबंधित ठेकेदार को कार्य तोड़कर दोबारा कराने के निर्देश दिए जाएंगे। अधिकारियों ने गुणवत्ता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

### सरकारी दावा और जमीनी हकीकत में अंतर

गौरतलब है कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घर पर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है लेकिन जमीनी स्थिति को देखकर लगता है कि योजना कागजों में सजीव है, जबकि हकीकत में इसका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच सका है। कहीं टंकी अधूरी है, कहीं कनेक्शन अधूरे हैं और कहीं बनी टंकियां उपयोगहीन पड़ी हैं।

### विभागीय अधिकारी जांच करें

पूर्व सरपंच व जनपद सदस्य श्रीधन सोम ने बताया कि विभाग व संबधित ठेकेदार ने गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की बात कही थी मगर देखने से लग रहा है कि कहीं-कहीं ठेकेदार ने गुणवत्ताहीन निर्माण किया। विभागीय अधिकारी इसकी जांच करे।





**ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार तथा अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोहराई न जा सके।

---

कलेक्टर ने मिलेट, औषधीय फसल और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने के दिए निर्देश

# धान के साथ मिलेट, तिलहन, मखाना और औषधीय फसलें बनेंगी आय का नया आधार

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शासकीय श्रवण बाधितार्थ शासकीय बालिका विद्यालय में कृषि विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को लाभान्वित करना, उनकी आय में वृद्धि करना और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि धान के साथ दलहन, तिलहन, मिलेट एवं अन्य व्यावसायिक फसलों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी फसलों को प्रोत्साहित किया जाए जिनकी बाजार में मांग है, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ हो। उन्होंने यह भी बताया कि मिलेट फसल जहां एक ओर पौष्टिक आहार है वहीं दूसरी ओर यह पशुओं के चारे के रूप में भी उपयोगी है।

बैठक में उप संचालक कृषि मोनेश साहू सहित सभी कृषि ब्लॉक अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विशेष रूप से सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की खेती, ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प, मिलेट मिशन, जैविक खेती, एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम तथा सामुदायिक बाड़ी को प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की जलवायु औषधीय पौधों के लिए उपयुक्त है। हाल ही में कुरूद, कुहकुहा, कन्हारपुरी, गुदगुदा, मगरलोड जैसे क्षेत्र में खस, बच, पचौली, सिंदूर, ब्राम्ही और लेमनग्रास जैसी औषधीय फसलों की खेती प्रारंभ की गई है। नगरी क्षेत्र में महानदी तटीय क्षेत्र में लगभग 4,000 नारियल के पौधे रोपे गए हैं, जो भविष्य में किसानों के लिए अच्छी आय का स्रोत बनेंगे। समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव उपस्थित थी।

कलेक्टर ने मखाना की खेती का रकबा बढ़ाने और स्थानीय कृषि उत्पादों के मूल्यवर्धन (वैल्यू एडिशन) के लिए लघु औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देना जरूरी है जिससे गांवों में ही रोजगार और स्वावलंबन को गति मिल सके।

---

# भाजपा महिला मोर्चा ने पुलिस जवानों को बांधा रक्षासूत्र



■ यह परम्परा भाजपा महिला मोर्चा की बहनें 26 वर्षों से निभा रही हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल नगरी ने वनांचल क्षेत्र बिरनासिली केम्प और नगरी सिहावा के थानों में देश की सुरक्षा में तैनात जवानों को रक्षासूत्र बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। यह परम्परा भाजपा महिला मोर्चा की बहनें विगत छब्बीस वर्षों से निभा रही हैं। महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना साहू ने बताया कि रक्षाबंधन पर जवान अपनी बहनों के पास नहीं पहुंच पाते और उनकी कलाई सूनी रह जाती है। जवानों को परिवार की कमी महसूस न हो इसलिए भारतीय जनता पार्टी हर वर्ष पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए रक्षा सूत्र भेजती है। इस परम्परा को भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा मंडल नगरी की बहनें बखूबी निभा रही हैं। इस अवसर पर महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना साहू, महामंत्री हेमलता साहू, देवेश्वरी साहू, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती प्रतिमा देवांगन, अमिता दुबे, जनपद की सभापति प्रेमलता नागवंशी, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, सुरजोतिन साहू, तेजस्विनी साहू, अंचला यदु, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, लक्ष्मी ठाकरे, नवागांव सरपंच नगीना सोम, सती मरकाम, विनीता कोठारी, अम्बिका, शकुन साहू, देवकुंवर साहू एवं नगरी जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू भी उपस्थित थे।

---

# शुक्लाभाठा में आंगनबाड़ी केंद्र दो का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम शुक्लाभाठा में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पूनम साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच पालवंतीन यादव ने की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार व्दारा आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से भी महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास ,पौष्टिक आहार, वैक्सीनेशन एवं प्रारंभिक शिक्षण की जानकारी दी जा रही है। गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए सरकार गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाकर शिक्षा को मजबूत करने का कार्य कर रही है। नारधा हुमरपाली के पूर्व सरपंच ने कहा कि सरकार का उद्देश्य बच्चों की उचित देखभाल है। शासन प्रशासन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पालक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

### शालेय पत्रिका विद्यालय का आईना होती है

**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की वार्षिक पत्रिका हमारा अपना परिवार के चतुर्थ संस्करण का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवेंद्र पाल थे। अध्यक्षता उपप्राचार्य बृजेश कुमार देवांगन ने की। विशेष अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष महेंद्र साहू, टीकमचंद सेन, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी थे।

---

सावन महोत्सव

# आज व कल छग के लोक कलाकारों का होगा सांस्कृतिक आयोजन

■ बोलबम सेवा समिति कुरुद मना रही है अपना रजत जयंती वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद







धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर जिला ही नहीं अपितु प्रदेश में अपनी अलग छवि बनाने वाली संस्था बोल बम सेवा समिति के कार्यकाल का 25 वां वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती के रूप में इस बार के सावन महोत्सव को धूम-धाम से मनाने जा रही है। इस उपलक्ष्य में 3 और 4 अगस्त को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह रखा गया है।

बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने बताया कि समिति के संरक्षक व क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर के विशेष सहयोग से छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सम्मान समारोह, शिवभक्तों और बोल बम सदस्यों के लिए भोजन-भंडारा का आयोजन कुरूद की पुरानी मंडी में किया गया है। प्रथम दिवस 3 अगस्त रविवार को छालीवुड गायक सुनील सोनी और दूसरे दिन सोमवार 4 अगस्त को दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा की प्रस्तुति होगी।

शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर विधायक कुरुद होंगे। अध्यक्षता श्रीमती ज्योति चन्द्राकर अध्यक्ष नपं कुरुद करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व नपं अध्यक्षगण निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर, सुश्री राजकुमारी दीवान, उपाध्यक्ष नपं देवव्रत साहू , नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, राइस मिलर अनिल चन्द्राकर, विशिष्ट नागरिक शिवप्रताप ठाकुर, राहुल महावर, सुभाष अग्रवाल, मुलचंद सिंह, वसंत ध्रुव, घनश्याम नवलानी, तोमन सोनवेर होंगे। कार्यक्रम सुबह 11 से शाम 5 बजे तक होगा।

---

# रंग-बिरंगी राखियों से गुलजार हो रही है दुकानें



■ ऊन धागा, कॉटन, अहमदाबाद, स्टोन, चांदी राखी बहनों को खूब लुभा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

रक्षाबंधन हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन इस साल 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इधर उपतहसील करेली बड़ी समेत आसपास के गांवों में पर्व नजदीक आते ही रंग बिरंगी राखी से दुकानें गुलजार हो गई हैं।

करेली बड़ी के दुकानदार जितेंद्र पाटकर ने बताया कि उनकी दुकान में अनेक रंग बिरंगी राखी दुकान में पहुंच चुकी है। गांव और बाहर गांव जाकर राखी बेची जा रही हैं। उनकी दुकान में ऊन धागा राखी, कॉटन राखी, अहमदाबाद राखी, स्टोन राखी, एडी राखी, चांदी राखी और ब्रेसलेट राखी हैं। खरीदारों की मांग के अनुरूप राखी दुकान में सजाई गई है। उन्होंने बताया कि स्टोन किस्म की राखी 20 से 100 रुपये तक, एडी राखी 100 रुपये, सिल्वर रंग की राखी 50 रुपये और ब्रेसलेट राखी 50 रुपये तक मिल रही है। रंग बिरंगी राखियां बहनों को खूब भा रही हैं। दुकानों में ग्राहकों की भीड़ लग रही है। उन्होंने बताया कि घूम-घूमकर भी राखी बेची जा रही है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और उनकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इसके साथ ही भाई बहन को जीवन भर रक्षा करने का वचन देता है।

---

# कृषि मंडी प्रांगण में प्रधानमंत्री किसान दिवस का हुआ आयोजन





■ जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों ने पीएम को लाइव देखा व सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

देशभर के किसानों के खाते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त डाली गई। इस मौके को यादगार बनाने कृषि मंडी प्रागंण में प्रधानमंत्री किसान दिवस का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों ने पीएम को स्क्रीन पर लाइव देखा और सुना।

शनिवार को नई मंडी कुरूद में आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम में बतौर अतिथि नपं अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, कालेज समिति अध्यक्ष टिकेश साहू ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार ने बीते सालों में किसानों के उत्थान के लिए कई योजनाएं लागू की। पीएम किसान सम्मान निधि के तौर पर कृषकों को तीन किस्तों में 6000 रूपये प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसी के तहत आज प्रधानमंत्री ने 20 वीं किस्त देश भर के कृषकों के खातों में अंतरित की है। क्षेत्रीय नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है। ताकि धरती पुत्रों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली आए।

इस अवसर पर जनपद सभापति सिंन्धु बैस, उर्वशी बांधेकर, जिला उपाध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन अनिल चन्द्राकर, विजय केला, सुनील अग्रवाल, पार्षद मिथिलेश बैस, रविप्रकाश मानिकपुरी, कविता चन्द्रकार, राजकुमारी ध्रुव, कृषि अधिकारी सीआर साहू, मंडी सचिव राजकुमार रात्रे, उद्यान अधीक्षक एचडी पैकरा, प्रेमलाल ठाकुर, रेमन साहू, अम्बरीश चन्द्रकार, टिलेश्वर बैस, योगेन्द्र साहू, आशीष साहू, अश्वनी सिन्हा, दिलीप साहू, आदित्य मेश्राम, अशोक पटेल, सरोज देवागंन, बालाराम चन्द्रकार, चुम्मनलाल साहू, आकाश पाटले, अमित बघेल, मधूसूदन बंछोर सहित किसान बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

# कोलियारी में रोपे गए पौधे

**नगरी।** एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत कोलियारी में किया गया। इस अवसर पर जपं नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्याय हृदय साहू, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, पूर्व जनपद सदस्य बंशी सोरी, तुलसी मंडावी, मोनिका मंडावी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जनपद सरपंच संघ के रैनू नाग बने अध्यक्ष

**जगदलपुर।** शनिवार को जगदलपुर जनपद पंचायत के सभागार में सरपंच संघ की बैठक आयोजित किया गया। जिसमे सभी नवनिर्वाचित सरपंचों ने सर्वसम्मति से जमावड़ा सरपंच एवं नानगुर भाजपा मंडल के महामंत्री रैनू नाग को सरपंच संघ अध्यक्ष नियुक्त किया। जबकि उपाध्यक्ष में आड़ावाल सरपंच जयंती कश्यप, सचिव पद में हॉटपदमूर सरपंच मानसाय बघेल, कोषाध्यक्ष में धुरगुड़ा सरपंच दुर्गा उद्धे, मीडिया प्रभारी हेमवती को चुना गया। इस अवसर पर महादेव बाकड़े, हेमंत पोयम, जादूराम, सोनादाई, पुष्पांजलि नागेश, बुधरीबाई, सुकल धर, पीतांबर, सुखराम, टेमल, करुणा, सुकमती, सलमू नाग, गोंची, सोमधर, सोमदास,दया राम, वासुदेव गोयल, वेदिका कुंवर, सांबती कश्यप, मंगल साय, सहदेव नाग, मिटकी नाग, हरिनाम समेत अन्य सरपंच गण उपस्थित रहे।

### आज निकलेगी साइकिल रैली

**धमतरी।** जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उपसंचालक समाज कल्याण डॉ. मनीषा पाण्डे ने बताया कि शनिवार 2 अगस्त को प्रातः 7 बजे जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन रुद्री चौक से गंगरेल तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस जनजागरूकता रैली में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला स्तर के समस्त अधिकारियों, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और गणमान्य नागरिकों से सहभागिता की अपील की है। रैली के दौरान प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई जाएगी।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल



**धमतरी।** बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से ठोकर मार दी। घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरा निवासी वेदनारायण व वेदप्रकाश शुक्रवार की दोपहर मोटरसाइकिल को छोड़ने के लिए धमतरी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को सामने से जोरदार ठक्कर मार दी। ठोकर से दोनों युवक बाइक से दूर जा गिरे। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वेदप्रकाश का पैर फ्रैक्चर हो जाने पर वरदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के खिलावन साहू, शिवा प्रधान व पप्पू साहू की मदद से एकता अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायल वेदनारायण को उसके मित्र ने बाइक की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया। घटना में वेदनारायण का पैर फ्रैक्चर हो जाने से उसे रिफर कराकर एकता अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां घायलों का उपचार जारी है।

10 अगस्त को भोजली पर्व पर शोभायात्रा निकाली जाएगी

# वाल्मिकी समाज ने निकाली गुरू गोरखनाथ की फेरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा धमतरी द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 8 दिवस विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर 2 अगस्त रविवार को शाम 4 बजे भगवान गुरू गोरखनाथ फेरीयात्रा निकाली गई। यात्रा गणेश चौक से इतवारी बाजार होते हुए नगर भ्रमण किया एवं गणेश चौक स्थित मंदिर में समाप्त हुई। समाज के जिलाध्यक्ष तिलक चौहान, अविनाश मरोठे ने बताया कि वाल्मिकी समाज द्वारा हर साल सामूहिक रूप से सावन महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष 29 जुलाई को नागपंचमी पर भगवान जाहरवीर गोगाजी की छड़ी स्थापना की गई। 31 जुलाई को खाजा मिलन रामबाग तालाब में फिर रामबाग से गणेश चौक तक मंदिर स्थल यात्रा का आयोजन हुआ। 3 अगस्त को शाम 4 बजे नगर भ्रमण, 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर विशेष पूजा अर्चना, रात्रि में भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण, रात्रि जागरण का कार्यक्रम होगा। 10 अगस्त को शाम 6 बजे भोजली पर्व, शोभायात्रा निकाली जाएगी। 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व, रात में विशेष पूजा, कढ़ाव प्रसाद वितरण, 17 अगस्त को गोपानवमी पर विशेष पूजा अर्चना एवं कार्यक्रम की समाप्ति होगी। समाज के लोगों ने बताया कि भगवान गोरखनाथ का जन्म उत्सव पूरे हिन्दुस्तान में सभी धर्मों के लोग मनाते हैं लेकिन वाल्मिकी समाज इसे अनोखे तरीके से हर साल मनाता है जिसे देखने सुनने सैकड़ों भक्त पहुंचते हैं। महर्षि वाल्मिकी मंदिर गणेश चौक धमतरी में यह आयोजन समाज की ओर से हर साल होता है।

इस अवसर पर दीपक वाल्मिकी, सुरेन्द्र महरौलिया, नरेन्द्र चौहान, पवन कच्छवाहा, लक्ष्मी नारायण वाल्मिकी, योगेश सारसर, रामकुमार वाल्मिकी, सुदेश सारसर, विक्की वाल्मिकी, शीतल बघेल, प्रदीप नाग, श्याम चौहान, जितेन्द्र वाल्मिकी , सुनीत संकत, आकाश मारोठे, अर्जुन वाल्मिकी , विनीत वाल्मिकी, घनश्याम बाल्मिकी, संतोष बाल्मिकी, सन्नी बाल्मिकी, आकाश बाल्मिकी, मनहर सेन्द्र सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।



## जोगीडीह के आबादी क्षेत्र में दंतैल का विचरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छुही सर्कल के ग्राम जोगीडीह के आबादी क्षेत्र में दंतैल का विचरण हो रहा है। निगरानी दल सहायक कुलेश्वर बघेल ने बताया कि एक दंतैल को छुही परिसर के ग्राम जोगीडीह के आबादी क्षेत्र में शाम 7 बजे विचरण करते देखा गया है। यह चंदा दल का दंतैल है। बलौदाबाजार से महासमुंद, गरियाबंद होते हुए धमतरी जिले में पहुंचा है।

इसका नाम बीबी (बलौदाबाजार) मेल हाथी 1 का नाम दिया गया है। भालुचुवा, छुही, साल्हेभाठ, पीपरछेड़ी, झुरातराई, जोगीडीह, लंबूडेरा, बासीखाई, बाजार कुर्रीडीह आदि गांवों को अलर्ट किया गया है। दंतैल की निगरानी में केरेगांव रेंज तथा धमतरी रेंज के अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं।

## गावों के विकास से राज्य की प्रगति संभव : अंगिरा



■ जनपद अध्यक्ष ने अरौद (ली.) में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने ग्राम अरौद (ली.) में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। अध्यक्ष ने कहा कि यह रोड हमारे आवागमन को सुगम बनाएगा। गांव के समग्र विकास और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

इस अवसर पर मोनिका ऋषभ देवांगन मण्डल अध्यक्ष, सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेन्द्र सिन्हा, ऋषभ देवांगन, ग्राम पटेल ईश्वर सिन्हा, बूथ अध्यक्ष सुशील निषाद, रामानंद सिन्हा, धर्मराज सिन्हा, किशोर नेताम, धनीराम साहू, पूरण सिंग ठाकुर, मनोज नेताम, बालाराम सिन्हा, भोलेदास सिन्हा, बालाराम नगारची, रेवाराम सिन्हा उपस्थित थे।

## आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है किसान सम्मान निधि योजना : मोनिका



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किस्त जारी की। इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। पीएम ने पौने चार लाख करोड़ रुपए किसानों के खाते में हस्तांतरित किए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपए का लाभ पहुंचाया गया है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण गंगरेल मंडल के ग्राम मुड़पार में किया गया। इस अवसर पर गंगरेल मंडल अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के 25.47 लाख किसानों को 553.34 करोड़ रुपए की राशि किसान सम्मान निधि योजना के तहत अंतरित की गई है। देश के किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में प्रधानमंत्री लगातार प्रयास कर रहे हैं। किसान सम्मान निधि योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि मकसूदन यादव, गैंदलाल ढीमर, बूथ अध्यक्ष सुखराम यादव, धनुषराम साहू, निर्भयराम यादव, तीजूराम सिन्हा, राम ध्रुव, नरोत्तम यादव, कुंजूराम सिन्हा समेत अनेक किसान उपस्थित थे।

## धमतरी मंडल के संरक्षक श्रीराम, सचिव यशवंत बने



■ कलार समाज की बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलार समाज की बैठक सिन्हा समाज भवन में मंडलेश्वर संतोष सिन्हा के निर्देशन में आयोजित की गई। मंडल सचिव रहे स्व. देवकरण गजेन्द्र ग्राम लोहरसी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

तत्पश्चात मंडलेश्वर द्वारा रिक्त पद की नियुक्ति के लिए चर्चा की गई। सर्वसम्मति से धमतरी मंडल का संरक्षक श्रीराम सिन्हा करेठा निवासी एवं यशवंत सिन्हा नवागांव निवासी को सचिव चुना गया।

इसी तरह संतोष कुमार सिन्हा, मंडलेश्वर हेमशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष रामसेवक सिन्हा बनााए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में सुरेश सिन्हा, विकास सिन्हा, खोमन सिन्हा, ज्ञानचंद सिन्हा, सिरीज़ सिन्हा, भारत सिन्हा, अशोक सिन्हा, क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिन्हा, देवाराम गजेंद्र, रामकिशन सिन्हा, हुलास गजेन्द्र, दानेश्वर सिन्हा, रवि सिन्हा, भूपेश सिन्हा, समाजसेवक निखिल सिन्हा उपस्थित थे।

### फेल हो जाने से हताश 12वीं की छात्रा ने की खुदकुशी

**धमतरी।** पूरक परीक्षा में भी फेल हो जाने से हताश होकर 12वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय आमापारा निवासी खनक वाधवानी पिता राकेश उम्र 18 वर्ष 12वीं की छात्रा थी। छात्रा 12वीं की वार्षिक परीक्षा में एक विषय में पूरक आ गई थी। 15 जुलाई को पूरक परीक्षा दिलाई थी, जिसमें वह फिर से फेल हो गई। फेल होने से छात्रा दुखी व निराश हो गई। शुक्रवार की रात्रि छात्रा अपने पिता के साथ पावभाजी खाने गई थी, जहां से वापस घर लौट टीवी देख रही थी। रात्रि 12.30 बजे छात्रा सोने के लिए अपने कमरे में चली गई। पिता भी सोने के लिए चले गए। इसी बीच छात्रा ने घर में लगे सिलिंग फेन के बाजू के हुक में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर परिजन छात्रा को शनिवार की सुबह फंदे से उतार उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल ले गए। डाक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया।

## 684 विद्यार्थियों ने दी प्रतिभा खोज परीक्षा



■ सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 10 वर्षो से कर रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा टैलेंट सर्च प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं नूतन इंग्लिश स्कूल में किया गया जिसमें लगभग 684 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। ज्ञात हो कि ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन पिछले 10 वर्षों से किया जा रहा है। शहर के लगभग 30 से 35 स्कूल के दसवीं क्लास के बच्चे इस प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होते हैं। प्रत्येक स्कूल से लगभग 25-25 छात्रों को सम्मिलित होने का मौका मिलता है। परीक्षा ओएमआर शीट पर होती है। परीक्षा में प्रथम पांच स्थान में आने वाले को चांदी के मैडल एवं सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को नाम की घोषणा शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान की जाएगी। सर गौरी शंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। इस दिन टैलेंट सर्च एग्जाम के चयनित प्रतिभागियों का भी सम्मान होगा। इस आयोजन में प्रमुख ट्रस्टी डॉक्टर हीरा महावर, अशोक पवार, विनोद पांडे, अजय साजन, अनुराग महावर, रमेश पंजवानी, राकेश झंवर समेत नूतन स्कूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकगण, प्राचार्य स्नेहचंद्र क्रिस्टी एवं नम्रता पाठक का विशेष सहयोग रहा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर बर्तन का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



### आयुक्त ने स्वच्छता बनाए रखने समाज प्रमुखों, खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से किया आग्रह

नगर पालिक निगम शहरवासियों के सहयोग से नगर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श नगर बनाने के लिए कटिबद्ध है। इस दिशा में आयुक्त प्रिया गोयल ने सभी समाजप्रमुखों, नागरिकों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से संयुक्त रूप से आग्रह किया है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें।

अपने मोहल्लों, वार्डों, कॉलोनियों और धार्मिक सामाजिक आयोजनों में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कचरा खुले में न फेंकें, गीले एवं सूखे कचरे को पृथक करें तथा नगर पालिक निगम के निर्धारित समयानुसार वाहन को सुपुर्द करें। समाज के युवाओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें, नागरिकों को जागरूक करें और स्वच्छता में सहभागिता को एक जन आंदोलन का रूप दें।

होटल, बाबा, रेस्टोरेंट, सामाजिक, सामुदायिक भवन एवं खाद्य प्रतिष्ठान, व्यावसायिक संचालकों से अपेक्षा की है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी होटल, भोजनालय, सामाजिक, सामुदायिक भवन एवं व्यावसायिक संचालकों, नाश्ता केंद्र, ठेले एवं खाद्य सामग्री विक्रेताओं से आग्रह किया है कि अपने परिसर, रसोईघर और ग्राहकों के बैठने के स्थान की नियमित सफाई करें।

गंदा पानी, बासी खाना, प्रतिबंधित प्लास्टिक व सिंगल यूज प्लास्टिक या कचरा सार्वजनिक नालियों में प्रवाहित न करें। कूड़े-कचरे को बैंककर संग्रहित करें एवं नियमित रूप से नगर निगम की टीम को सौंपें। रसोई कर्मचारियों को साफ-सुथरे वस्त्र, टोपी व दस्ताने पहनाकर सेवा में रखें।

शुद्ध जल, स्वच्छ बर्तन एवं कीटरोधी उपायों का उपयोग सुनिश्चित करें। प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर पूर्ण रूप से बर्तन आदि का उपयोग करें। बाजारों में किसी भी सामाग्री के लिए कपड़े का थैला (झोला) का नियमित उपयोग करें।

उल्लंघन की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं स्वच्छता उपविधियों के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है, इसे स्वच्छ बनाए रखना केवल प्रशासन की नहीं, प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है।

## नालंदा परिसर से पहले कॉम्पलेक्स बनाने की तैयारी

■ पीपीपी मॉडल पर 12 दुकानें होंगी आवंटित, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




हटकेशर वार्ड में चयनित नालंदा परिसर के पास नगर निगम 12 शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाने जा रहा है। यह दुकानें पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर तैयार की जाएंगी। दुकानों को किराये पर आवंटन के लिए द्वि लिफाफा पद्धति के माध्यम से सीलबंद लिफाफे में आमंत्रण किया गया है।

नगर निगम के बाबू समर्थ रणसिंह ने बताया कि साहेब रेस्टोरेंट के सामने सार्वजनिक शौचालय से लगी नगर निगम की जमीन है, जिसमें 12 शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाना है, जिसमें आरक्षण का प्रावधान है।

श्री रणसिंह ने बताया कि कोरा निविदा प्रपत्र आवेदन की अंतिम तिथि 8 अगस्त , निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त तथा निविदा खोलने की अंतिम तिथि 22 अगस्त को शाम 5:30 बजे है। आमंत्रण में भाग लेने के लिए निवास संबंधी आईडी प्रूफ एवं आरक्षण वर्ग के उम्मीदवारों को वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

वार्ड पार्षद सूरज गहरवाल का कहना है कि नालंदा परिसर बनने से हटकेशर का चौमुखी विकास होगा। नालंदा परिसर के पास ही निगम का कॉम्पलेक्स बनने से बेरोजगारों को व्यवसाय का अवसर मिलेगा। इसलिए निगम नालंदा परिसर बनने से पहले शॉपिंग कॉम्पलेक्स तैयार करने में जुटा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
12 दिन
स्लीपर मात्र 17,500/-
केरल दर्शन
मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर
राशि:- स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-(+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### रुद्री स्कूल के स्काउट्स ने जिला संगठन आयुक्त गाइड को राखी सौंपी

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री के राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा की तैयारी कर रहे स्काउटर डेमन लाल निषाद, दीपेश साहू, गाइड नोमान साहू, तुलेश्वरी साहू, रेशमी साहू, लक्ष्मी मरकाम ने प्राचार्य श्रीमती दीप्ति ध्रुव, स्काउट मास्टर मोहित राम बनपेला, गाइड कैप्टन श्रीमती रजनीगंधा जगताप के मार्गदर्शन में अपने हाथों से पैसठ राखी का निर्माण कर सीमा में दिन-रात चौकसी दे रहे जवानों के लिए जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती हिना भोसले को राखी का लिफाफा सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश यादव, विधायक प्रतिनिधि शुभम साहू, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू ने हर्ष जताया है।

## अरौद की घटना | खाद का छिड़काव करने गए किसान की खेत में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अपने खेत में खाद का छिड़काव करने गए एक किसान की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अरौद निवासी उधोराम ध्रुव पिता लखनराम उम्र 53 वर्ष किसानी का काम करता था। शुक्रवार की सुबह उधोराम खाद का छिड़काव करने अपने खेत में गया था। खेत में पानी भरा था। जहां कुछ घंटे बाद किसान अपने खेत में सिर के बल अचेत पड़ा था।

जानकारी होने पर परिजन व ग्रामीणों ने जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची औा शव का पंचनामा कर शाम तक जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी भेज दिया। शनिवार को शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। किसान की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हो पाएगा।

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रुद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक धमतरी, मो.नं. 98264-32896

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020